प्रेस नोट- थाना कोतवाली

जनपद- शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक 04.05.25

“थाना कोतवाली पुलिस द्वारा साहसिक पुलिस मुठभेड़ मे 25000/- हजार का ईनामिया अभियुक्त शेरू को आलाकत्ल एक अदद तमंचा 315 बोर मय जिन्दा कारतूस व खोखा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार”

श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम, वांछित व वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 28.04.25 को थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर मे वादी श्री अखिलेश कुमार पुत्र छोटेलाल वर्मा निवासी मोहल्ला अजीजगंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर व उनके भाई कमलेश व जितेन्द्र के साथ मो0 अजीजगंज मे मोमोज वाले ठेले के पास अभियुक्तगण 1. शेरु पुत्र रामभरोसे 2. रामकिशोर पुत्र सुंदरलाल 3. रामनिवास पुत्र बांकेलाल 4. सुमित पुत्र रामनिवास 5. एक अन्य अज्ञात व्यक्ति सर्व निवासीगण मोहल्ला अजीजगंज थाना कोतवाली जिला शाहजहाँपुर द्वारा विवाद किया गया जिसमे उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा श्री अखिलेश कुमार व उसके भाईयों कमलेश व जितेन्द्र के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर किया फायरिगं मे कमलेश व जितेन्द्र घायल हो गये तथा इलाज के दौरान दि0 29.04.25 को कमलेश की लखनऊ हास्पिटल में मृत्य हो गयी। जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर पर वादी श्री अखिलेश कुमार उपरोक्त की तहरीर सूचना पर मु0अ0सं0 176/25 धारा 191(2)/191(3)/190/109(1)/115(2)/351(3) बीएनएस (बढोत्तरी धारा 103(1)/118(1) bns) पंजीकृत किया गया विवेचना प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है। अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर लगातार प्रयास किया जा रहा था। उक्त टीम द्वारा दि0 01.05.25 को अभियुक्तगण 1. रामनिवास पुत्र बांकेलाल 2. सुमित पुत्र रामनिवास नि0गण मो0 अजीजगंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया तथा उक्त मुकदमे मे अभियुक्त शेरू पुत्र रामभरोसे नि0 मो0 अजीजगंज थाना कोतवाली शाहजहाँपुर लगातार फरार चल रहा था। अभियुक्त शेरू की गिरफ्तारी के लिए जनसहयोग प्राप्त करने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर द्वारा अभियुक्त शेरू उपरोक्त पर 25000/- हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था। उक्त अभियुक्त शेरू की गिरफ्तारी व आलाकत्ल की बरामदगी हेतु लगातार पुलिस टीम प्रयासरत थी आज दि0 04.05.25 को उक्त टीम द्वारा बरेली मोड़ साउथ सिटी के सामने जंगल मे उक्त अभियुक्त के मौजूद होने की सूचना प्राप्त हुई उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर अभियुक्त शेरू को आत्मसमर्पण करने हेतु कहा तो अभियुक्त शेरू द्वारा पुलिस टीम पर तमंचे से फायर किया जिसके जबाब मे पुलिस द्वारा भी फायरिंग की गयी तथा साहसिक मुठभेड़ के बाद अभियुक्त शेरू को गिरफ्तार किया गया मुठभेड़ मे शेरू के दोनो पैरों मे गोली लगी है तथा का0 दीपेन्द्र चौधरी भी घायल हो गया अभियुक्त के कब्जे से हत्या मे प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद तमंचा 315 बोर मय जिन्दा कारतूस मय खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। वर्तमान मे घायल अभियुक्त शेरू व घायल का0 दीपेन्द्र चौधरी का ईलाज जिला अस्पताल शाहजहाँपुर मे चल रहा है। अभियुक्त शेरू उपरोक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार शुदा अभियुक्त -

शेरू पुत्र रामभरोसे नि0 मो0 अजीजगंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर

अपराधिक इतिहास अभियुक्त शेरू

1. मु0अ0सं0 431/22 धारा 323/504/506 भादवि थाना कोतवाली शाहजहाँपुर
2. मु0अ0सं0 07/20 धारा 13 जुआ अधि0 थाना कोतवाली शाहजहाँपुर
3. मु0अ0सं0 525/24 धारा 3/25 A.ACT थाना कोतवाली शाहजहाँपुर
4. मु0अ0सं0 176/25 धारा 191(2)/191(3)/190/109(1)/115(2) /351(3)/118(1) 103(1) बीएनएस थाना कोतवाली शाहजहाँपुर
5. मु0अ0सं0 187/25 धारा 109(1) बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम

बरामदगीः—

एक अदद तमंचा 315 बोर मय जिन्दा कारतूस मय खोखा कारतूस (आलाकत्ल)

गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधि0/कर्मचारीगण -

1. श्री राजीव कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री इतेश तोमर थाना कोतवाली शाहजहाँपुर
3. उ0नि0 विवेक कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
4. उ0नि0 नितिन मलिक थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
5. हे0का0 संजीव कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
6. का0 दीपेन्द्र चौधरी थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर (मुठभेड के दौरान घायल)
7. का0 1745 अनिकेत थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
8. का0 2150 रोहित थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
9. चालक का0 2020 अवि कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
10. चालक का0 रविन्द्र थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर